FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

## पुलिस मुठभेड़ थाना नारखी दिनाँक 24-05-2025 जनपद फिरोजाबाद।

# थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 23-04-2025 को मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त पंकज को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **अभियुक्त पंकज के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा, 02 खोखा कारतूस एवं 01 जिंदा कारतूस बरामद।**

दिनांक 23-04-2025 को वादी श्री संजय सिंह निवासी कोटला थाना नारखी द्वारा थाना नारखी पर तहरीर दी गयी कि गढ़ी तोडिया जाने वाले रास्ते पर स्थित वादी के खेतों में टीला वाले सरकार का मंदिर है जिसमें दिनाँक 22/23-04-2025 की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी है। जिसके सम्बन्ध में थाना नारखी पर मु0अ0सं0 106/25 धारा 303(2) पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना नाऱखी की 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। प्रकरण की विवेचना के दौरान 05 अभियुक्तो 1.अमन पुत्र मोहम्मद, 2.नाजिम पुत्र ग्यास मौहम्मद, 3.मौहम्मद शाकिर पुत्र कोतवाल शाह, 4.पंकज पुत्र रामरतन, व 01 बाल अपचारी का नाम प्रकाश में आया था। मु0अ0सं0 106 का सफल अनावरण करते हुए थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा 04 अभियुक्तों को आज दिनाँक 24-05-2025 को चोरी / लूट की योजना बनाते समय गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त पंकज उपरोक्त मौके फरार हो गया था इसी क्रम में थाना नारखी पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई की मु0अ0सं0 106/25 में वांछित अभियुक्त पंकज बैंदी की पुलिया के पास कहीं भागने की फिराक में छुपा हुआ है। सूचना का संज्ञान लेकर थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा बैंदी की पुलिया के पास दबिश देकर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु घेराबंदी की गयी। घेरबंदी के दौरान पुलिस टीम को नजदीक आता हुआ देखकर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी है जिसको उपचार हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध असलहा, 02 खोखा कारतूस एवं 01 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-**

1.पंकज पुत्र रामरतन निवासी प्रताप नगर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त पंकज-

1. मु0अ0स0 106/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 152/25 धारा 313/317(5) बीएनएस थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 153/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

## बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद जिन्दा कारतूस।

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष राकेश कुमार गिरी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 अभिषेक गुप्ता थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 विजय चौधरी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 विशाल सोरान थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 अमित कुमार थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 1440 रामवीर सिंह थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
7. का01096 विनीत गौतम थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
8. का0591 राजकुमार थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।